देहरादून (उत्तराखण्ड)

रविवार 25.05.2025

समय 1305

मुख्य समाचार :–

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा– ऑपरेशन सिंदूर ने दुनिया भर में आतंकवाद से लड़ाई में नए उत्साह का संचार किया।
- मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने उत्तराखंड के हल्द्वानी के जीवन जोशी का जिक्र किया। कहा– जोशी जैसे कलाकार हमें याद दिलाते हैं कि परिस्थितियों चाहे जैसी भी हों लेकिन इरादा मजबूत हो तो कुछ भी नामुमकिन नहीं।
- चमोली जिले में स्थित सिखों के पवित्र धर्मस्थल हेमकुंड साहिब के कपाट आज श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खोल दिए गए है।
- प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में रुकरुक कर बारिश हो रही है। मौसम विभाग ने अगले पांच दिनों के लिए प्रदेश में बारिश की चेतावनी जारी की है।

मन की बात–1

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि ऑपरेशन सिंदूर ने दुनिया भर में आतंकवाद से लड़ाई में नए उत्साह का संचार किया है। आज आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में राष्ट्र को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान सशस्त्र बलों के साहस की प्रशंसा की।

श्री मोदी ने कहा कि देश के अनेक शहरों, छोटे कस्बों और गांवों में तिरंगा यात्राएं आयोजित की गई। देश के सशस्त्र बलों के सम्मान में तिरंगा लहराते हुए हजारों लोग इनमें शामिल हुए। कई शहरों में नागरिक सुरक्षा स्वयं सेवकों के रूप में बड़ी संख्या में युवा एकत्रित हुए।

प्रधानमंत्री ने इस बात पर बल दिया कि भारतीय सैनिकों ने भारत में बने हथियारों, उपकरणों और प्रौद्योगिकी के साथ अदम्य साहस दिखाते हुए आतंकी ठिकाने नष्ट किए। उन्होंने कहा कि इस दौरान आत्मनिर्भर भारत का संकल्प भी दोहराया गया।

श्री मोदी ने कहा कि यह जनभागीदारी ही भारत की वास्तविक शक्ति है। उन्होंने प्रत्येक व्यक्ति से देश में बने उत्पादों को प्राथमिकता देने का आग्रह किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह केवल आर्थिक स्वावलंबन की बात ही नहीं हैं बल्कि राष्ट्र निर्माण में भागीदारी भी है।

मन की बात–2

मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने उत्तराखंड के हल्द्वानी के जीवन जोशी का भी जिक्र किया। श्री मोदी ने कहा कि जीवन जोशी चीड़ के पेड़ों से गिरने वाली सूखी छाल से सुंदर कलाकृतियां बनाते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि जीवन जोशी जैसे कलाकार हमें याद दिलाते हैं कि परिस्थितियों चाहे जैसी भी हों लेकिन इरादा मजबूत हो तो कुछ भी नामुमकिन नहीं।

उन्होंने कहा कि जीवन जोशी के बचपन में पोलियो ने उनके पैरों की ताकत छीन ली थी, लेकिन उनका हौसला नहीं छीन सका। जीवन जोशी की कल्पना की उड़ान ने अनूठी कला बगेट को जन्म दिया।

मन की बात–3

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को मनाया जाएगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह दिवस हमें दैनिक जीवन में योग को समाहित करने की याद दिलाता है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष भी योग दिवस के बारे में दुनियाभर में लोगों का जोश और उत्साह नजर आ रहा है। स संबंध में अलग–अलग संस्थान अपनी तैयारियां साझा कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि इन वर्षों के दौरान लोगों ने योग चेन और योग रिंग बनाई।

कर्मचारी भविष्य निधि

केन्द्र सरकार ने वित्तीय वर्ष 2024–25 के लिए कर्मचारी भविष्य निधि जमा पर आठ दशमलव दो–पांच प्रतिशत ब्याज दर की स्वीकृति दे दी है। इससे देश के सात करोड़ अंशदाता कर्मचारियों को लाभ होगा। कर्मचारी भविष्य निधि संगठन के केन्द्रीय ट्रस्टी बोर्ड ने इस ब्याज दर की सिफारिश की थी। कर्मचारी भविष्य निधि संगठन ने महत्वपूर्ण संचालनगत उपलब्धि भी हासिल की है। वित्तीय वर्ष 2024–25 में 6 मार्च तक रिकॉर्ड दो करोड़ 16 लाख दावों का डिजिटली स्वतः निपटान हुआ।

हेमकुंड साहिब

चमोली जिले में स्थित सिखों के पवित्र धर्मस्थल हेमकुंड साहिब के कपाट आज श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खोल दिए गए है। करीब तीन हजार श्रद्धालु इस पल के साक्षी बने। इस अवसर पर गुरुद्वारे को 5 कुंतल से अधिक फूलों से सजाया गया है।

सुबह पंच प्यारों की अगुवाई में सिख श्रद्धालुओं का पहला जत्था हेमकुंड साहिब पहुंचा, इसके बाद पारंपरिक रीति–रिवाजों के साथ हेमकुंड साहिब के कपाट ग्रीष्मकाल के लिए खोल दिए गये। हेमकुंड साहिब यात्रा पर पहुंचे श्रद्धालुओं ने कहा कि वे यात्रा के लिए उत्साहित हैं।

श्रद्धालुओं की सुरक्षा के मद्देनजर जिला प्रशासन और पुलिस ने सभी प्रबंध किए हैं।

चारधाम यात्रा

प्रदेश में संचालित चारधाम यात्रा के लिए श्रद्धालुओं का भारी हुजूम उमड़ रहा है। इसी कड़ी में बदरीनाथ धाम और माणा में आयोजित पुष्कर कुम्भ में भी यात्रियों की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है। हर दिन हजारों की संख्या में भक्त बद्री विशाल के दर्शन व केशव प्रयाग माणा में आस्था की डुबकी लगाने के लिए पहुँच रहे हैं।

कृषि मेला

राजधानी देहरादून में 14 और 15 जून को कृषि मेला प्रस्तावित है। इस संबंध में कृषि मंत्री गणेश जोशी ने कृषि व उद्यानिकी विभाग के अधिकारियों संग बैठक कर सभी तैयारियों को समयबद्ध रूप से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस मेले का उद्देश्य किसानों को नवीनतम तकनीक से अवगत करा प्रदेश में कृषि का उत्पादन व उत्पादकता बढ़ाना तथा कृषि से संबंधित सभी हितधारकों को एक मंच प्रदान कर उनमें समन्वय बढ़ाना है। इस मेले में देशभर से किसान, एफपीओ, स्टार्टअप्स, विश्वविद्यालय, अनुसंधान संस्थान, सहकारिता समितियाँ व स्वयं सहायता समूह प्रतिभाग करेंगे।

रिश्वत

बागेश्वर में जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कर्नल डॉ. सुबोध शुक्ला को विजिलेंस टीम ने 50 हजार रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ा है। बताया जा रहा है कि आरोपी अधिकारी ने उपनल के माध्यम से सेवा विस्तार देने के एवज में एक रिटायर्ड फौजी से मोटी रकम मांगी थी, जिसकी शिकायत पीड़ित ने सतर्कता अधिष्ठान में की थी। विजिलेंस निदेशक डॉ. वी. मुरुगेशन ने आम नागरिकों से अपील की है कि किसी भी तरह के भ्रष्टाचार की सूचना विजिलेंस के टोल फ्री नंबर 1064 या व्हाट्सएप हेल्पलाइन 94 56 59 23 00 पर दें, ताकि भ्रष्टाचार के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई की जा सके।

मौसम

राजधानी देहरादून समेत राज्य के विभिन्न हिस्सों में सुबह से हल्की से मध्यम बारिश हो रही है। इसके चलते मैदानी इलाकों में गर्मी और उमस से राहत मिली है। मौसम विभाग के अनुसार आज राज्य के विभिन्न हिस्सों में बारिश की संभावना बनी हुई है। विभाग ने चमोली, रुद्रप्रयाग, पिथौरागढ़, बागेश्वर और बागेश्वर में आज आंधी, तेज बारिश और ओलावृष्टि का ऑरेंज अलर्ट भी जारी किया है।

देहरादून स्थित मौसम विज्ञान केंद्र के पूर्वानुमान के अनुसार अगले पांच दिन बारिश के आसार बने हुए हैं।

कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत

कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने कहा कि राहु मंदिर पैठाणी, बूंखाल कालिंका मंदिर, भैरव मंदिर, तारा कुंड, बिनसर महादेव, हंसेश्वर महादेव मंदिर व श्रृंगी ऋषि मंदिर को पर्यटन सर्किट के रूप में विकसित किया जाएगा। डॉ. धन सिंह रावत ने पौड़ी में समीक्षा बैठक में अधिकारियों को विकास कार्यों में गति लाने के निर्देश दिए। डॉ रावत ने कहा कि योजनाओं को समयबद्ध तरीके से पूर्ण किया जाय, ताकि आम

जनता को जल्द लाभ मिल सके। उन्होंने पर्यटन अधिकारी को इस संबंध में आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिये। साथ ही राहु मंदिर पैठाणी के सौंदर्यीकरण और मार्ग के डीपीआर तैयार करने के निर्देश दिये। उन्होंने पौड़ी के दूरस्थ मंदिरों की जानकारी को समाहित करते हुए एक कॉफी टेबल बुक तैयार करने को कहा, ताकि उन्हें भी पर्यटन मानचित्र में शामिल किया जा सके। उन्होंने संस्कृति विभाग को देवलगढ़ मंदिर के क्षतिग्रस्त पुश्ते के निर्माण को जल्द पूर्ण करने और पर्यटन विभाग को श्रीनगर में राफ्टिंग प्वाइंट विकसित करने के निर्देश भी दिये।

शिक्षा विभाग की समीक्षा में उन्होंने शिक्षक–छात्र अनुपात तय करने को कहा। उन्होंने स्पष्ट किया कि 1 से 5 छात्रों पर एक, 5 से 30 पर दो, 30 से अधिक पर तीन, 60 से अधिक पर चार और 100 से अधिक छात्र होने पर पांच शिक्षकों की तैनाती की जाय। साथ ही उन्होंने कहा कि हर ब्लॉक में एक क्लस्टर विद्यालय स्थापित किया जाएगा, जहां आने–जाने के लिए छात्रों को 100 रुपये प्रतिदिन किराये के रूप में दिये जाएंगे।